## घर की दशा सुधारने की कामना लेकर महिलाओं ने की दशा माता की पूजा

- पूजन अर्चन के बाद गले में बांधा
- दशा माता का डोरा



**देवास/भौंरासा।** नगर में शुक्रवार को दशा माता के पर्व नगर की महिलाओं ने पूजन अर्चन कर मनाया सुबह से ही नगर में स्थित कुमावत मोहल्ले सहित नगर में स्थित पीपल के पेड़ों के नीचे महिलाओं की भीड़ देखी गई।

पूरे सिंगार के साथ सजधज कर आई महिलाओं ने दशा माता का पूजन किया परंपरा अनुसार पीपल के पेड़ पर धागा लपेटते हुए 10 परिक्रमा की गई दशा माता को पूरी श्रृंगार सामग्री चढ़ाई गई पूजन अर्चन के बाद अपनी छोटी अंगुली से पीपल के वृक्ष की खाले निकालकर उसे लक्ष्मी स्वरुप अपने घर लेकर आईउठो राणी रुकमण पूजो पतवारी के आहान गीत के साथ महिलाओं ने आधी रात पतवारी पूजी और दूध दही आदि से अभिषेक किया परिवार की सुख समृद्धि के लिए आटे से बने आभूषण चढ़ाएं और श्रंगार दान अर्पित कर सौभाग्य की कामना की। आपको बता दें कि प्राचीन ग्रंथों में ऋषि मुनियों ने अपने अनुभव से सिद्ध किया है कि जब मनुष्य की दशा ठीक होती है तब उसके सब कार्य अनुकूल होते हैं किंतु जब यह प्रतिकूल होती है तब अत्यधिक परेशानी होती है इसी दशा को दशा भगवती या दशा माता कहा जाता है हिंदू धर्म में दशा माता की पूजा तथा व्रत करने का विधान है यह व्रत शुक्रवार को महिलाओं द्वारा किया गया नगर सहित पूरे आंचल में आज महिलाओं ने व्रत रखकर विधि विधान से पीपल के पेड़ पर धागा बांधकर दशा माता की पूजा-अर्चना की अंत में कथा का श्रवण भी नगर परसाई संजय जोशी के द्वारा किया गया।

### कुमावत मोहल्ले में उमड़ी महिलाओं की आस्था


दशा माता पूजन के लिए नगर के कुमावत समाज के मंदिर में आस्था उमड़ी यहां प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी विधि विधान से पूजा हुई आपको बता दें कि यहां पिछले कई सालों से पीपल की पूजा की जाती है यहां आम धारणा है कि यह वृक्ष बरसों पुराना है और प्राचीन है यहां पूजा और व्रत की कथा का वाचन नगर परसाई संजय जोशी करते आ रहे हैं वहीं जोशी द्वारा माता दशा को 10 तार के जनेऊ पहना कर पूजा प्रारंभ की गई।

> **कई स्थानों पर रही महिलाओं की भीड़**
>
> दशा माता के पर्व पर नगर में कई स्थानों पर पीपल के वृक्ष पर महिलाओं की भीड़ सुबह से ही शुरू हो गई थी महिलाओं ने पूजा के साथ परिक्रमा कर परिवार को सुख समृद्धि की मंगल कामना की कथा सुनाने के पश्चात महिलाओं ने अपने अपने घरों के दरवाजे के दोनों तरफ हल्दी कुमकुम के छापे लगाकर पूजा की वहीं पीपल के वृक्ष की पूजा करने का वैज्ञानिक एवं पर्यावरण संरक्षण का महत्व है सभी वृक्षों में पीपल का वृक्ष सर्वश्रेष्ठ माना जाता है

## पांच दिवसीय चक्रा बैलेंसिंग और साउंड हीलिंग ध्यान शिविर 20 से

**देवास।** तनाव, अवसाद, चिंता, अधिक क्रोध, डर (भय), निद्रा आदि विकारों से मुक्ति के लिये स्वयं में सकारात्मक परिवर्तन देखने के लिए चक्रा बैलेंसिंग और साउंड हीलिंग का हिस्सा बनें। स्वामी योगेन्द्र भारती और नवीन सोलंकी ने बताया कि इसके लिए इंदौर उज्जैन रोड स्थित तक्षशिला स्कूल के पीछे ओशो महाकाल धाम आश्रम पर पांच दिवसीय ध्यान शिविर 20 मार्च शाम 6 बजे से 24 मार्च तक रखा गया है।

शिविर में 22 मार्च को नवरात्रि के उपलक्ष्य में रात 9.30 बजे से 11 बजे तक विशेष गरबे होगा। इस दिव्य कार्यक्रम का संचालन स्वामी नरेंद्र बोधिसत्व (डॉ. नरेन्द्र भेसदडीया) ओशो ध्यान परीक्षक इंटरनेशनल साउंड हीलर, मास्टर आफ लामा फेरा एण्ड रेकी लाईफ कोच जामनगर गुजरात, सहसंचालक मां प्रेम नंदिनी योग



प्रशिक्षिका एवं शिविर संचालिका, मां प्रेम योगिनी वंदना साउंड हीलर, डॉ. ऑफ नेचरोपैथी, मर्म स्पेशलिस्ट और स्पिरिचुअल हीलर के दिव्य संचालन में सहभागिता के लिए स्वामी बोधि निजेन, स्वामी बोधि सागर (हिमांशु), मां दिव्याम कांता, स्वामी हर्षद नागर, मां प्रेम उपासना, मां प्रेम अंजू, स्वामी बसंत कटारे, स्वामी विनय पाल, स्वामी बोधि अशोक, स्वामी ओम नवगोत्री ने आग्रह किया।

## मप्र राज्य कर्मचारी संघ ने टीईटी के संबंध में सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**देवास।** 13 मार्च को म प्र राज्य कर्मचारी संघ के आव्हान और बैनर तले जिला देवास इकाई के द्वारा मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम एक ज्ञापन जिलाधीश के माध्यम से दिया गया। ज्ञापन में (शिक्षक पात्रता परीक्षा) टीईटी के संबंध में उच्चतम न्यायालय के फैसले पर सरकार द्वारा रिव्यू पिटीशन लगाने की मांग की गई।

राज्य कर्मचारी संघ के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता और जिले के अधिकांश शिक्षकगण भोपाल चौराहे से रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन का वाचन राज्य कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र जोशी ने किया तथा आभार जिला सचिव रविंद्रपाल सिंह तंवर ने व्यक्त किया।

ज्ञापन कार्यक्रम में राज्य कर्मचारी संघ प्रदेश अध्यक्ष मंडी प्रकोष्ठ मुकेश चौधरी, राजेश वर्मा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, सहज सरकार प्रदेश मंत्री, जिला




उपाध्यक्ष दिनेश जिनवाल, धर्मेंद्र पाटीदार,दशरथ सिंह सेंधव, आशुतोष धारीवाल, दिनेश कुमावत शिवनारायण चौधरी, सुदामा श्रीवास , महेश राठौर, दीपक राय,ओमप्रकाश जाधव, राजेश शर्मा, दुर्गेश जाजू, कुलदीप शर्मा, जुगल पटेल, ज्योति वाडेकर, प्रिया शर्मा चेतना चौबे रानी पांचाल छाया वैष्णव, अबीता जॉन, पुरुषोत्तम सिसोदिया, अभिजित सिंह बेस, अजय सिंह गौड़, दिनेश चौधरी, हजारीलाल चौहान, पुष्पेंद्र सिंह तोमर, दुर्गेश जाजू दिनेश व्यास, श्याम सिंह सेंधव अरुण मिश्रा, धर्मवीरसिंह नरवरिया साबिर शेख, विजय त्रिवेदी, लखन पटेल,जुगल पटेल आदि उपस्थित रहे।

## बकाया कर जमा कर छूट का लें लाभ : महापौर

**देवास।** आज आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के अवसर पर नगर निगम देवास द्वारा संपत्ति कर एवं जलकर के बकायादारों को बकाया राशि जमा करने पर नियमानुसार विशेष छूट प्रदान की जा रही है।

महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने शहर के नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने बकाया कर जमा करें और शहर के विकास में भागीदारी निभाएं। नगर निगम द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए निगम कार्यालय के साथ-साथ झोन कार्यालयों इटावा बस स्टैंड, जवाहर चौक तथा न्यायालय परिसर में विशेष शिविर लगाए गए हैं।

न्यायालय परिसर में कर जमा करने का समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा, जबकि नगर निगम कार्यालय में सुबह 9 बजे से कार्य समाप्ति तक कर जमा किए जा सकेंगे। निगम कार्यालय में आने वाले नागरिकों के लिए बैठने और पीने के पानी की व्यवस्था भी की गई है।

यदि लोक अदालत में बकाया संपत्ति कर जमा नहीं किया जाता है तो नए वित्तीय वर्ष अप्रैल 2026 से शासन नियमानुसार संपत्ति कर की राशि दोगुनी हो जाएगी। इसलिए नागरिकों के पास आज एक अच्छा अवसर है कि वे अपने बकाया कर जमा कर राहत प्राप्त करें।

### एक नजर में

## पेंशनर्स एसोसिएशन का वार्षिक सम्मेलन आज

**देवास।** विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हुकुमसिंह सायल ने बताया कि एसोसिएशन का वार्षिक चतुर्थ स्नेह सम्मेलन आज 14 मार्च को स्वास्तिक मेरेज गार्डन भोपाल रोड पर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि आर सी सोमानी अध्यक्ष विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन इंदौर, विशिष्ठ अतिथि लक्ष्मणसिंह चौहान विधि सलाहकार, पी.एल.मकवाने मुख्य परामर्शदाता होंगे। सी.के. दीक्षित, पी.जी.खडकोदकर, एस.प्रिया स्वामी, आर.एस. चौधरी, सी.एस. पंवार ने सदस्यों से कार्यक्रम में पधारने का आग्रह किया है।

## थाना प्रभारी ने चौपाल लगाकर दी समझाइश

**सतवास।** बस स्टैंड महाराणा प्रताप चौराहा पर गुरुवार शाम एसडीओपी कन्नौद आदित्य तिवारी, एवं सतवास थाना प्रभारी विक्रांत झंझोट ने बढ़ रही सायबर ठगी, और वाहन दुर्घटना से बचने के लिए चौपाल के माध्यम से लोगों जानकारी देते हुए सायबर ठगी से बचने के उपाय समझाए एवं वाहन सही लाइन में चलाने, नशा करके वाहन न चलाने कार में शीट बेल्ट,मोटर सायकल चलाते समय हेलमेट का उपयोग करना चाहिए,, इसके साथ ही अगर किसी का एक्सीडेंट हो जाए तो उसे तुरंत अस्पताल पहुंचा कर उसकी जान बचाने का प्रयास करें ऐसा करने पर ईनाम दिया जाएगा, कुछ लोग पुलिस को कौन जवाब देगा इस लिए मदद नहीं करते हैं आपका कुछ नहीं होगा अगर आप किसी की मदद करते हैं तो किसी भी गलत काम में न पड़े लड़ाई झगड़ों से दूर रहे किसी भी प्रकार के कोई झगड़े हो तो पुलिस को जानकारी दे स्वय झगड़ा न करने की सलाह दी ,, उन्होंने बताया की हमारे पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशअनुसार, प्रत्येक थानों में थाना प्रभारी के साथ चौपाल का आयोजन किया जा रहा हैं आयोजित चौपाल में कन्नौद एस डी ओ पी आदित्य तिवारी, सतवास थाना प्रभारी विक्रांत झंझोट, प्रधान आरक्षक विजय कुमार, रवि राव, एस आई एस एस कनासिया आदि उपस्थित रहे।

## नवनिर्वाचित टीम ने संभाला कार्यभार



**कांटाफोड़।** महिला मंडल की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का कार्यभार ग्रहण समारोह निवृत्तमान अध्यक्ष शकुंतला नागोरी एवं सचिव जयश्री सिंगी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पश्चिम मध्य प्रदेश की सदस्य मंगला सिंगी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा महिला मंडल की गतिविधियों को समाजहित में सक्रिय रूप से आगे बढ़ाने का आह्वान किया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में प्रमिला गट्टानी को अध्यक्ष, शिल्पा होलानी को सचिव, शशि सिंगी को उपाध्यक्ष, नीता बियानी को कोषाध्यक्ष, सिया सिंगी को सह-सचिव, शिवानी पसारी को संगठन मंत्री तथा श्वेता होलानी को प्रचार-प्रसार मंत्री का दायित्व सौंपा गया। इसी प्रकार निधि होलानी एवं नेहा गोरानी को सांस्कृतिक मंत्री बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सविता सिंगी, प्रेमलता सिंगी, पायल सिंगी, कंचन शारदा, आरती सिंगी, राधिका सिंगी, ज्योति तोतला, दीप्ति सिंगी एवं पायल शुभम सिंगी को शामिल किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला मंडल की सदस्याओं ने नई कार्यकारिणी का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि नई टीम समाज सेवा, सांस्कृतिक गतिविधियों और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करेगी।

## नारी लीड्स स्वच्छता के अंतर्गत महिला सफाई कर्मियों का कराया स्वास्थ्य परीक्षण



**देवास।** नारी लीड्स स्वच्छता, स्वच्छता में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व को बढ़ावा देने हेतु नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार मंगलवार 12 मार्च को वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4 एवं 34, 35, 36 के महिला सफाई कर्मियों का संत रविदास नगर एवं नाहर दरवाजा स्थित संजीवनी क्लीनिक पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान महिला सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण में ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, सामान्य स्वास्थ्य जांच जैसी बुनियादी जांच की। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान सभी कर्मचारियों को पीपीई किट (ग्लव्स, मास्क आदि) पहनने के लिए प्रोत्साहित किया गया साथ ही स्वास्थ्य परामर्श और स्वच्छता से संबंधित सावधानियों की जानकारी भी दी प्रदान की गई।

## पर्यावरण-जल संरक्षण के संदेश के साथ साइकिल यात्रा रवाना

- स्वस्थ जीवन शैली को लेकर फैलाएंगे जागरूकता

**देवास।** भारत विकास परिषद, मध्य भारत पश्चिम प्रांत के प्रांतीय समूह गान संयोजक हेमंत वर्मा जनचेतना, पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से साइकिल द्वारा पूरे प्रांत की यात्रा पर निकले हैं। इस अभियान के अंतर्गत वे प्रांत की विभिन्न शाखाओं में पहुंचकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण, जल बचाओ, स्वस्थ जीवनशैली एवं सामाजिक जागरूकता के लिए प्रेरित करेंगे तथा राष्ट्र के इस महाअभियान में सहभागिता के लिए जागरूकता फैलाएँगे। हेमंत वर्मा एक अनुभवी साइकिलिस्ट हैं और पूर्व




में देवास से सोमनाथ, नाथद्वारा एवं अयोध्या तक की प्रेरणादायी साइकिल यात्राएं कर चुके हैं। विगत पाँच वर्षों में उन्होंने लगभग 65,000 किलोमीटर साइकिल चलाकर अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और अनुशासन का परिचय दिया है। 60 वर्ष आयु वर्ग में भी उनकी उपलब्धियां उल्लेखनीय हैं। इसी वर्ष आयोजित इंटरनेशनल साइकिलिंग प्रतियोगिता एचडीओआर-2025 में उन्होंने अपने आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा सभी आयु वर्गों में टॉप-10 में आठवाँ स्थान हासिल कर देवास नगर को गौरवान्वित किया है। आज प्रात: भारत विकास परिषद, देवास शाखा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सुबह 6 बजे हेमंत वर्मा का स्वागत करते हुए उन्हें इस प्रेरणादायी यात्रा के लिए भावभीनी विदाई दी तथा उनकी सफल और मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष मीणा राव, कोषाध्यक्ष शालिनी चव्हाण, अशोक जाधव, डॉ. सुनील लाड, सुरेश डसानिया, मुकेश गर्ग, कीर्ति चव्हाण, मनीष माहेश्वरी, स्वप्निल वर्मा, मीना वर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। हेमंत वर्मा की यह पर्यावरण एवं जल संरक्षण जनजागरण यात्रा समाज के लिए प्रेरणादायी पहल है तथा विशेष रूप से युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली और प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित करने वाली है।

## संकल्प से समाधान अभियान के एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**टोंकखुर्द।** संकल्प से समाधान योजना के अंतर्गत नगर परिषद टोंकखुर्द परिसर में शुक्रवार को एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में शिविर में शासन की महत्वपुर्ण योजनाओं का लाभ समयसीमा में आम नागरीकों को प्रदान किया जाकर स्वीकृति पत्र वितरित किये गये।

इसमें मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पार्षद वार्ड क्रं. 03 ठा.महेन्द्रसिंह चावडा थे। विशेष अतिथि उपाध्यक्ष आरिफ पटेल , पार्षद



सुनील मालवीय, ओमप्रकाश गालोदिया, ठा. महावीरसिंह चावडा, भुरू कुरैशी, एवं पार्षद प्रतिनिधि दिलीप बारगल, विनय श्रीवास्तव, प्रवीण गालोदिया, अनवर पटेल, जीवन प्रजापत, रविन्द्र सिंह गौर, विक्रम मालवीय उपस्थित थे। अध्यक्ष प्रतिनिधि ने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। शिविर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत कुल 66 हितग्राहीयों को कुल 9.90 लाख की ऋण राशि वितरित की गई। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत 83 हितग्राहीयों को स्वीकृति पत्र वितरित किये गये है। राकेश वैद्य, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, विनोद कुमार साहु, उपयंत्री, निकाय के समस्त कर्मचारी व हितग्राही उपस्थित रहे। संचालन नितिन ललित ने किया एवं आभार विजय चौधरी के द्वारा माना गया।

## हितग्राहियों को बांटे स्वीकृति पत्र

**भौंरासा।** शासन के निर्देशानुसार प्रदेश में चलाए जा रहे संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को नगर परिषद भौरासा में विभिन्न जनहितेशी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया शिविर में नागरिकों द्वारा दीए गए आवेदनो व शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया इस दौरान पी,एम स्वनिधि योजना पेंशन योजना संबल कार्ड नामांतरण से संबंधित स्वीकृति पत्र वितरित किए गए कार्यक्रम में नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा,पार्षद सचिन यादव, नोडल अधिकारी अमित सिंह, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सविता सोनी, पटवारी अशोक चौहान ने हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए अभियान के दौरान प्राप्त हुए आवेदनों का निराकरण किया गया जानकारी के अनुसार कुल 306 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 292 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया यह इस अवसर पर निकाय के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

## दर्जी समाज की महिलाओं ने मनाया फाग उत्सव

**देवास।** श्री दामोदर वंशीय जूना गुजराती दर्जी समाज की महिला मंडल द्वारा 12 मार्च को 2 बजे मोती बंगला स्थित समाज की श्री गुरु टेकचंद धर्म शाला में होली एवं शीलासप्तमी के अवसर पर फाग उत्सव का कार्यक्रम बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।


समाज के आराध्य संत श्री श्री 1008 श्री टेकचंद जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण के साथ फूलो और गुलाल से फाग उत्सव की शुरूवात की गई। महिला मंडल की सदस्यो द्वारा फाग उत्सव में श्रीकृष्ण एवं राधा बन फूलो और गुलाल से होली खेली। गर्मी को देखते हुए पानी बचाने का संदेश दिया गया एवं विश्वपटल पर जो युद्ध चल रहा है इसको देखते हुए रसोई गैस व पेट्रोल बचाने पर ज़ोर दिया गया। इस अवसर पर समाज के जिन घरों में शुभकार्य, शादी विवाह या लडके लड़कियो का जन्म हुआ उन परिवारो द्वारा मिठाई का वितरण किया गया। कार्यक्रम स्थल पर ट्रस्ट की और से चाय और नाश्ते का प्रबंध किया गया। कार्यक्रम में सीमा सोलंकी, आशा सोलंकी, नामिता सोलंकी, नीतू जाधव, प्रेमलता परिहार, लता सोलंकी, अनिता जाधव, दीपिका चावडा, और समाज की महिलाओ और युवतियां ने बड़ी संख्या मे भाग लिया। अनिता जाधव ने कृष्ण, और नेहा सोलंकी ने राधा की भूमिका मै फाग उत्सव मनाया। आयोजक सीमा सोलकी ने महिला मंडल की और से सभी का आभार प्रकट किया।

**एक नजर में** — शहीद संजय मीणा की याद में किया शहीद द्वार,स्मारक का भूमि पूजन

## मां भारती के सेवकों के लिए बनेगी क्षेत्र में लाइब्रेरी : डॉ .सोनकर

**भौंरासा।** भौरासा से लगे ग्राम पंचायत संवरसी में शहीद द्वारा और स्मारक निर्माण का भूमि पूजन किया गया। नवंबर 2025 में ग्राम के युवा 2013 में भारतीय सेना में सेवाएं दे रहे इसी दौरान वे वीरगति को प्राप्त होकर शहीद हो गए थे।

अंत्येष्टि पर सोनकच्छ विधायक डॉ सोनकर ने कहा था कि शहीद याद में जो भी ग्राम वासी चाहते हो समस्त मान स्वीकार है जो भी नियम अनुसार होगा शहीद परिवार की हरसंभव मदद की जाएगी साथ ही भाजपा की केंद्र ओर प्रदेश की सरकार



हमेशा शहीद परिवार वालों के साथ रही हे हमने हमारी भारतीय जनता पार्टी सरकार की तरफ से जो वादा किया था वह पूरा किया । इस वीर सपूत की याद में ग्राम पंचायत संवरसी में शहीद द्वार और चबूतरा स्मारक निर्माण का भूमि पूजन किया गया साथ अपने उद्बोधन में कहा कि विधानसभा में क्षेत्र के समस्त वर्तमान, रिटायर,ओर शहीद हुए मा भारती के सपूतों की जानकारी एकत्रित कर एक सुसज्जित लाइब्रेरी बनवाई जाएगी जिसमें हमारे युवा उक्त स्थान पर बैठ कर लाइब्रेरी उनके कठोर,परिश्रम देश के प्रति अपने कर्तव्य को जान सके ओर सेना में भर्ती होने मंशा क्षेत्र के युवाओं में बड़े जिससे हमारे देश की सेन्य शक्ति और बलशाली हो सके । कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, भोरासा नगर पंचायत अध्यक्ष संजय जोशी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, मीडिया प्रभारी प्रेमचंद सेठी पूर्व जनपद अध्यक्ष दशरथ सिंह धाकड़ रामचरण चौधरी सर,हिम्मत सिंह ठाकुर ग्राम पंचायत सरपंच जसमत सिंह उपसरपंच कालू सिंह दरबार रामचरण वकील शहीद के पिता लाल सिंह मीणा भाई राम प्रसाद फौजी,कैलाश मीणा,हेमंत फौजी एवं शहीद के परिवारजनों ओर ग्रामवासियों की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ।